## महत्वपूर्ण एवं खास



## विधिक सलाहकार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले अंतर्गत संकटग्रस्त, जरूतरमंद महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे आवश्यकतानुसार सभी प्रकार की आपातकालीन सुविधा जैसे अल्पकालीन आश्रय, चिकित्सा, विधिक सहायता, मनोवैज्ञानिक सलाह, मानसिक चिकित्सा, परामर्श सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, महिला एवं बाल विकास रायगढ़ द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ में विधिक सलाहकार के पद पर कु.पूजा चौहान को पदस्थ किया गया है। ज्ञातव्य है कि सखी वन स्टॉप सेन्टर रायगढ़ में महिलाओं के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए विगत 15 दिसम्बर 2018 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य में रायगढ़ जिले की बेटी कु. पूजा चौहान विधिक सलाहकार को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**बरमकेला।** बीती रात जिले के बरमकेला थाना अंतर्गत इंदिरा चौक टिकरापारा निवासी कमल साहू की एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कमल साहू मोटरसाइकिल से कही जा रहा था इसी दौरान धौंरादरहा काला खूंटा मार्ग में एक्सीडेंट हो गया। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर ये दुर्घटना घटी। एक्सीडेंट इतना जबरदस्त था कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कमल साहू के पिता बरमकेला के बिजली विभाग में कार्यकर्त थे सेवा निवृत्त होने के बात उसके पिता की भी मृत्यु हो चुकी है । इस दर्दनाक सड़क हादसे में कमल की मौत के बाद परिजनों में मातम छा गया है वही इंदिरा चौक में भी उसकी मौत के बाद मातम पसर गया है। फिलहाल पुलिस मामले की तफसिस में जुट गई है। घटना की जानकारी आस पास के लोगो ने पुलिस को दिया था घटना कल रात करीब साढ़े 7 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद मृतक के शव को बरमकेला अस्पताल लाया गया जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। आज उसके शव का पीएम किया जाएगा इसके बाद शव को परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

# 64 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ

**रायगढ़।** बोईरदादर मुख्य स्टेडियम में 64 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। 5 दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 16 राज्यों के 14, 17 एवं 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने रोल बाल, थाई बाक्सिंग एवं टेनीक्काइट खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के लगभग 550 खिलाड़ी और 150 कोच मैनेजर शामिल हुए। राज्यों में छत्तीसगढ़, सीबीएसई, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, आंधप्रदेश, दिल्ली, झारखण्ड, मुम्बई, असम, गुजरात,



मध्यप्रदेश, उड़ीसा, पंजाब, पुडुचेरी, तमिलनाडु, विद्याभारती के खिलाड़ी शामिल थे।


खेल के समापन अवसर पर अपर कलेक्टर हरीष एस ने खिलाडि़यों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खुशी की बात है कि राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होने का खिलाडि़यों को अवसर मिला है। उन्होंने प्रतियोगिता में विजयी नहीं हुए खिलाडि़यों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में निराश होने की आवश्यकता नहीं है। सभी को कुछ न कुछ सीखने का मौका मिलता है और खिलाड़ी अपनी कमियों को दूर करके आगे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीष राठौर ने सभी खिलाडि़यों, कोच, मैनेजर और अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही खेल का सार्थक संचालन हुआ है। खेल के शुभारंभ अवसर का जिक्र करते हुए कहा कि खेल के प्रति उत्साह देखकर उस दिन मौसम ने भी करवट बदल ली थी। प्रतियोगिता में सभी खिलाडि़यों को एक-दूसरे की कला एवं संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है।

विशिष्ट अतिथि गोपाल अग्रवाल सभी खिलाडि़यों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के दौरान जो कमियां हो गई है उसे हमें देकर जाएं और अच्छी यादों को अपने साथ लेकर परिवार एवं मित्रों के साथ साझा जरूर करें। शिक्षा अधिकारी एवं प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी आर.पी.आदित्य ने प्रतिवेदन वाचन किया और आवास, भोजन, परिवहन, साफ-सफाई सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक टेनीक्काइट में प्रथम स्थान-छत्तीसगढ़ को गोल्ड, द्वितीय-तमिलनाडू को सिल्वर मेडल एवं तृतीय स्थान-पुडुचेरी को ब्रांज, 14 वर्षीय बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ को गोल्ड, तमिलनाडू को सिल्वर, महाराष्ट्र को ब्रांज, टेनीक्काइट में व्यक्तिगत वर्ग अंडर 14 बालक वर्ग में आंध्रप्रदेश के विनय कुमार प्रथम, द्वितीय सिल्वर में आंधप्रदेश के उदय किरण एवं दिल्ली के शिवरतन को तृतीय स्थान मिला।

## नान घोटाले के लिए भी बनेगी एसआईटी, क्या पकड़ में आएंगे बड़े बड़े नाम?



**रायपुर।** सत्ता संभालते ही जिस तरह कांग्रेस सरकार ने झीरम घाटी कांड की एसआईटी की घोषणा की उससे पार्टी के अपने नेताओं के प्रति दृढ़ता दिखी लेकिन सरकार अब पूर्ववर्ती सरकार के घोटालों पर भी टेढ़ी नजर करने को आतुर दिख रही है। मंत्री मंडल बनाने के झमेला से फारिग होते ही सरकार का निशाना छत्तीसगढ़ का नान घोटाला होगा। इस घोटाले में कांग्रेस ने सीधा ष्टरू हाउस के इन्वॉल्वमेंट का आरोप लगाया था। ऐसे में इसपर एसआईटी का गठन कही पुरानी सरकार के गले की हड्डी न बन जाय।

बदले की भावना से काम न करने की दुहाई सरकार चाहे जितनी दे लेकिन सच तो यह है कि नए सरकार का एक्टिव रहना पुराने सरकार के लिए खतरा बन ही जायेगा। जिस तरह से झीरम के बाद नान घोटाले पर नई सरकार एक्शन लेने की ओर अग्रसर है इससे रमन सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती है। नान घोटाले को लेकर पूर्व में कांग्रेसी काफी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने इस घोटाले में तत्कालीन ष्टरू और उनके लोगों के मिलीभगत का सीधा आरोप लगाया था। हालांकि इस मामले में भी जर्रवाई हुई है लेकिन कांग्रेस न तो इस जांच से संतुष्ट थी और न ही कार्रवाई से। उनका मानना था कि कार्रवाई छोटे अधिकारियों और कर्मचारियों पर की गई है, इस घोटाले के मगरमच्छ बचे ही रह गए। पर सवाल यह भी है कि क्या इस घोटाले के कथित मगरमच्छो को नई जांच समिति या एसआईटी पकड़ लेगी ?

## एसटी, एससी एवं ओबीसी वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, आईटीआई, पालीटेक्निक कालेज आदि के संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एव अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जिनको विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण की पात्रता है वे शिक्षा सत्र 2018-19 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के आवेदन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट www. tribal. cg. gov. in/scholarship पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा 2018-19 में अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इनमें विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन (नवीन/नवीनीकरण) की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर 2018 से 10 जनवरी 2019 तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 20 दिसम्बर 2018 से 20 जनवरी 2019 तक, स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 20 दिसम्बर 2018 से 25 जनवरी 2019 तक एवं संस्था द्वारा केवाईसी जमा करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी 2019 निर्धारित है।

## महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मेरिट सूची जारी

**रायगढ़।** महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम)प्रशिक्षण सत्र 2018-19 हेतु प्राप्त आवेदनों पत्रों की दावा-आपत्ति हेतु समस्त वर्ग की प्रावधिक मेरिट सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में चस्पा किया गया है तथा जिले के वेबसाईट में भी अपलोड किया गया है। इस संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो वे 31 दिसम्बर 2018 तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनतम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तयामत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्त, विकलांगों के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं शैक्षणिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा शैक्षणिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU






**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480